जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-5 | जयपुर, सोमवार, 31 जनवरी, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

### युवा, महिला प्रोफेशनल्स एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ बजट पूर्व संवाद

## महिलाओं एवं युवाओं के उत्थान की दिशा में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए- मुख्यमंत्री

**जयपुर (हमारा वतन)** । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि युवा, महिला एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को बेहतर अवसर एवं वातावरण उपलब्ध कराकर आगे बढ़ाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिलाओं एवं युवा शक्ति की क्षमताओं का उपयोग कर प्रदेश को विकास की दिशा में अग्रसर करने के लिए पिछले तीन साल में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। आने वाले बजट में भी इन वर्गों के लिए समुचित प्रावधान कर विकास में उनकी भागीदारी बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। गहलोत शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से युवा, महिला प्रोफेशनल्स एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों, युवा उद्यमियों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नीतिगत फैसलों और योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में हमने कई कदम उठाए हैं। महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 'बैक टू वर्क' योजना शुरू की गई है। इसमें आगामी तीन वर्षों में 15 हजार महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा। उड़ान योजना के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क सैनेटरी नेपकिन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस योजन का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें ताकि महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं इसका लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक हजार करोड़ रूपए की इंदिरा महिला शक्ति योजना शुरू



की गई है। इनके अलावा इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, आई एम शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना सहित विभिन्न योजनाएं शुरू की गई है। नई राज्य महिला नीति-2021 लागू की गई है। गहलोत ने कहा कि शहरों से लेकर गांव-ढाणी तक खेल एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने विगत तीन वर्षो में अभूतपूर्व निर्णय लिये हैं। पदक विजेता 182 खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नियुक्ति दी गई है। सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए 2 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है। राजस्थान ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन जल्द किया जाएगा। इसमें करीब 26 लाख खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा राज्य सरकार की नीतियों का केन्द्र बिन्दु हैं। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के युवाओं को बेहतरीन कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों। इस दिशा में सकारात्मक सोच के साथ काम किया जा रहा है। विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्ययन के लिए राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना-2021 शुरू की है। गहलोत ने कहा कि महिलाओं, युवाओं और खिलाड़ियों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को आगामी बजट में सम्मिलित करने के पूरे प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने उद्यमी महिलाओं से प्रदेश के विकास में आगे बढ़कर सहयोग करने की अपील की। बैठक में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं-महिलाओं एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए जो योजनाएं लागू की हैं, उनका काफी लाभ मिल रहा है। आउट ऑफ टर्न नियुक्ति, खिलाड़ियों को नौकरियों में दो प्रतिशत आरक्षण, ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय है जिनसे खेलों को बढ़ावा मिल रहा है। महिलाओं ने उड़ान योजना, बैक टू वर्क योजना, इंदिरा महिला शक्ति योजनाओं को महिला सशक्तीकरण की दिशा में बड़े कदम बताया।

## कुशलपुरा सरपंच प्रेम देवी के सानिध्य में पानी की बोतल व मास्क वितरण किए गए

**चौमूं (हमारा वतन)** ग्राम पंचायत कुशलपुरा स्थित नंद घर सी एवं आंगनवाड़ी केंद्र बॉडी कोठी में 20 बच्चों को कोरोना वायरस से बचाव के लिए कुशलपुरा सरपंच प्रेम देवी के सानिध्य में



पानी की बोतल व मास्क वितरण किए गए। इस दौरान पूर्व सरपंच मांगीलाल शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राज रतन वर्मा, अर्चना बगड़िया, रामेश्वर बराला व दीपक शर्मा उपस्थित रहे ।

## पूर्व पार्षद हनुमान सहाय गोरा ने शुरू करवाया दौड़ के लिए 400 मीटर ट्रैक का निर्माण

**चौमूं (हमारा वतन)** पूर्व पार्षद हनुमान सहाय गोरा के द्वारा इटावा भोपजी की पीलिया वाली जोहड़ी में बच्चों के लिए दौड़ के लिए 400 मीटर ट्रैक का निर्माण शुरू करवाया गया ।गौरतलब है कि ग्राम इटावा के बच्चों ने पार्षद गोरा को मिलके अवगत कराया कि हमारे को दौड़ने के लिए ट्रैक की नितांत आवश्यकता है । तत्पश्चात गोरा ने निर्णय लेकर जेसीबी मशीन बुलाकर हाथों हाथ निर्माण कार्य शुरू करवाया । इस अवसर पर अजय पलसानिया, सोहन सबलानिया, प्रीतम सेन, सांवरमल जाखड़,मुकेश काकोडिया, श्रवण बराला आदि लोग उपस्थित रहे ।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

भारत का गणतंत्र देता है हमें - अधिकार



"भारत के गणतंत्र ने सबको स्वतंत्रता से जीने का अधिकार दिया है। अधिकार - वोट देने का, अपनी बात कहने का, अपने धर्म और सम्प्रदाय को बिना किसी दबाव के मानने का। अधिकार - भारतीय कहलाने का।

नागौर (राजस्थान) से 2 अक्टूबर, 1959 को देश में पंचायती राज की शुरुआत की गई। जिससे नागरिकों को अधिकार मिला कि वे गाँव के स्तर पर अपनी सरकार चुन सकें।

इसी क्रम में बीते दिनों में राज्य सरकार ने दिया आपको - स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकार, FIR दर्ज कराने का अधिकार एवं उड़ान योजना के माध्यम से 15 से 55 वर्ष की महिलाओं को स्वस्थ-स्वच्छ रहने का अधिकार। खाद्य सुरक्षा का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार (RTI) एवं माता-पिता के भरण-पोषण के अधिकार से तो नागरिक पहले से ही लाभान्वित हो रहे हैं।

नागरिकों को और भी अधिकार मिलें, जिससे वे सशक्त हों। यह हमारा ध्येय है।

73वें गणतंत्र दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।"

अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

## कुंभलगढ़ के आसपास निर्माण गतिविधियों पर राजस्थान हाईकोर्ट की रोक के आदेश से व्यवसायी हैरान

जयपुर (नि.सं.)। राजस्थान उच्च न्यायालय के कुंभलगढ़ वन अभ्यारण्य की सीमा से एक हजार मीटर के दायरे में सभी निर्माण संबंधी गतिविधियों पर रोक लगाने के आदेश से उद्योग जगत के कई कारोबारी हैरान हैं। अदालत ने अपने 18 जनवरी के आदेश में कहा, इसके द्वारा यह निर्देश दिया जाता है कि कुम्भलगढ़ वन अभ्यारण्य की सीमा से 1000 मीटर की दूरी के भीतर की जाने वाली सभी निर्माण गतिविधियाँ रुकी रहेंगी।

# नागरिक अधिकार संस्था ने 73 वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया

**जयपुर (हमारा वतन)** नागरिक अधिकार संस्था पंजीकृत के द्वारा 73वां गणतंत्र दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्था के मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र सोलंकी, मुख्य लेखा परीक्षक, भाराप्रा एवं रामप्रताप सैनी, अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय ने झंडारोहण किया।

संस्था के अध्यक्ष सुरेश सैनी ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित लोगों को संविधान प्रदत नागरिक अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने वर्तमान परिदृश्य में लोगों को अपने अधिकार को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी। संस्था उपाध्यक्ष कंचन टाक ने महिलाओं की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। संस्था के पदाधिकारियों भंवरसिंह कीनिया, अंकुर गुप्ता, बलवंत प्रजापति, संजय सैनी, हिमांशु आचार्य, राजूलाल सैनी, बीएल कुशवाहा, शिवनंदन गुप्ता, मोहन नायक, दिनेश सैनी, महेश कुमावत, सिद्धार्थ तुनवाल, अभिनव जोशी, सोनू शर्मा, प्रताप सिंह, सुभाष कुमावत, अनिल सैनी, दिनेश जैमन, अनिल अजमेरा, कैलाश सैनी, जेठूसिंह इत्यादि ने बताया कि संस्था संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों की रक्षा हेतु सतत् रूप से लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से देश की रक्षा, एकता और अखंडता के लिए हर संभव सहयोग करने की अपील की।



इस दौरान संस्था के राजदीप सैनी, एमएल खींची, एनके जैन, सुनील ठाकुर, तेजाराम टॉक, राज टॉक, सीताराम सैनी, कालूराम सैनी, किशन गोपाल, विनोद जाजम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, राजकीय अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# वूमन वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया 73 वां गणतंत्र दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं शहर के राधा स्वामी बाग स्थित वूमन वेलफेयर सोसाइटी ने क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने झंडारोहण किया और समारोह में उपस्थित महिलाओं को कहा की 1947 में हमारा देश आज़ाद हुआ और 1950 में संविधान लागु हुआ । उसमें अधिकारों के साथ कर्तव्य भी थे ! लोग अधिकारों को याद रखे और कर्तव्यों को भूल गए । हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी याद रखना है ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वूमन वेलफेयर सोसाइटी की फाउंडर अध्यक्ष जगविंद्र कौर ने की । विशिष्ट अतिथि आरओ शंकर यादव, संतोष यादव और मंजू कुमावत रही ।आरओ शंकर यादव ने दीनदयाल अन्त्योदय योजना के बारे में महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में जरूरतमंद महिलओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया ।




इस दौरान सरोज चौधरी, हर्षा अग्रवाल, राजकुमार कुमावत, पूर्णिमा, गीता, सावित्री यादव, सोना बानो, मोनिका यादव, परवीन बानो, दीपिका, राजकुमारी, ममता, कांता ,रवीना, हीना ,मोनिका आदि महिलाएं मौजूद रही ।


## इनाया फाउंडेशन की सचिव नितिशा शर्मा का गणतंत्र दिवस पर हुआ सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)** 73 वें गणतंत्र दिवस पर इनाया फाउंडेशन की फाउंडिंग मेंबर एवं सचिव नितिशा शर्मा को कोटा एवं बूंदी जिले में सम्मानित किया गया। नितिशा शर्मा ने इनाया फाउंडेशन के तहत बेटियों एवं महिलाओं को समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम और सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर जागरूकता अभियान के माध्यम से जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया था ।यह सम्मान शांति कुमार धारीवाल कैबिनेट एवं शहरी विकास एवं आवास मंत्री और अशोक चांदना युवा एवं खेल मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल, रोजगार, परिवहन राज्यमंत्री द्वारा दिया गया।



## गिर्राज देवंदा बने निर्विरोध अध्यक्ष

**चौमूं (हमारा वतन)** ग्राम पंचायत नांगल कला स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र में नवगठित ग्राम सेवा सहकारी समिति के संचालन मंडल के चुनाव में अध्यक्ष गिर्राज देवंदा एवं संचालन मंडल की कार्यकारिणी के सदस्यों का निर्विरोध चुनाव संपत्र हुए । चुनाव अधिकारी प्रदीप कागट ने बताया कि संचालन मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद पर गिर्राज देवंदा को एवं उपाध्यक्ष हंसा देवी एवं सदस्य पद पर किरण यादव, कानाराम यादव, नारायण लाल सैनी, दुर्गा सहाय मीणा, हरलाल यादव, गोवर्धन झाझडीया, फूलचंद देवंदा, मूलचंद बुनकर, बाबूलाल मीणा, फूलचंद लोछिब,निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गिर्राज देवंदा ने कहा कि किसानों की अपेक्षाओं पर खरा उतरूंगा एवं किसानों को ऋण दिलवाने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा । गोरतलब है कि ग्राम पंचायत नांगल कला का सन 1995 में गठन हुआ था, तब अध्यक्ष की माताजी पतासी देवी ग्राम पंचायत नांगलकला की प्रथम सरपंच बनी थी । उसी तरह प्रथम नवगठित नांगल कला की ग्राम सहकारी समिति में सन 2022 में बेटा प्रथम अध्यक्ष निर्वाचित हुआ है।



# रुक्क्षमणी कुमारी की टीम कांग्रेस के मेंबर बनाने में मचा रही धूम

**जयपुर (हमारा वतन)** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देशानुसार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश में चौमूं विधानसभा क्षेत्र में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रुक्क्षमणि कुमारी के निर्देशन में उनकी टीम गांव- गांव एवं नगर पालिका क्षेत्र के वार्डो में जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं पार्टी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को कांग्रेस पार्टी की मेंबर बना रही है। नगर पालिका पार्षद राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि रुक्क्षमणी कुमारी द्वारा किए जा रहे इस मेंबरशिप प्रोग्राम की क्षेत्र में चारों ओर चर्चा हो रही है। इसी कड़ी में नगर पालिका पार्षद राजेश कुमार वर्मा एवं रुक्क्षमणी कुमारी के पीएसओ पवन राठौड़ के सहयोग से चौमू नगरपालिका क्षेत्र में रूपा मालन की ढाणी में लोगों को कांग्रेस की मेंबरशिप के फार्म भरे गए । पूर्व पार्षद संजय पारीक को मेंबरशिप डायरी देकर उन्हें भी अपने वार्ड के लोगों को कांग्रेस पार्टी की मेंबरशिप दिलाने के लिए आग्रह किया।



इसी कार्यक्रम के दौरान ग्राम ढोढर में करीब 50 लोगों को कांग्रेस की मेंबरशिप के फार्म भर कर कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनाया गया । नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 37 रैगर मोहल्ले में करीब 25 लोगों को कांग्रेस मेंबरशिप के फार्म भर कर लोगों को जोड़ा। उक्त मेंबरशिप प्रोग्राम के लिए लोगों ने रुक्क्षमणी कुमारी एवं उनकी टीम के द्वारा किए जा रहे इस कार्य की सराहना की है ।

## समाजसेवी राखी शुक्ला हुई कर्मा अवार्ड से सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर में 26 जनवरी के उपलक्ष्य में अनंत शिखर फाउंडेशन की ओर से जयपुर स्थित होटल द ओरियन में कर्मा अवार्ड से 50 महिलाओं को सम्मानित किया गया। अनंत शिखर फाउंडेशन की प्रेसिडेंट पायल लश्करी ने बताया कि प्रसिद्ध एंकर और रक्षा जीवन सोसायटी की फाउंडर ,समाजसेवी राखी शुक्ला को उनकी कोविड काल की सेवा के उल्लेखनीय कार्य को देखते हुए सम्मानित किया गया। जानकारी के लिए आपको बता दें की राखी शुक्ला सुबोध पब्लिक स्कूल में अध्यापिका भी है । सम्मान समारोह में देशभक्ति गीत व नृत्य भी प्रस्तुत किये गये ।




# समाजसेवी व विधायक प्रत्याशी रविकांत शर्मा ने स्कूल में वॉटर कूलर व कंप्यूटर किया भेंट

**जयपुर (हमारा वतन)** समाजसेवी व विधायक प्रत्याशी 2018 रविकांत शर्मा ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तेजाजी की ढाणी मे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आयोजित समारोह में बच्चों के लिए वॉटर कूलर व कंप्यूटर भेंट किया । स्कूल प्रधानाचार्य भाग्यश्री यादव व स्टाफ ने भामाशाह रविकांत शर्मा का आभार जताया और कहा कि आपका यह सहयोग बच्चों के काम आएगा । इस दौरान महेश निठारवाल, रामकरण सामोता, सुरेश घटाला, मुकेश डबास, आर एल पी वार्ड नंबर 10 से रालोपा पंचायत समिति प्रत्याशी पूनम शर्मा, अनुराग शर्मा, गिरधारी डबास, सोहन निठारवाल आदि लोग मौजूद रहे ।



## जॉब्स

1. राजस्थान प्रारंभिक शिक्षा विभाग बीकानेर, पद तृतीय श्रेणी शिक्षक, पद संख्या 32000, अंतिम तिथि 9 फरवरी 2022
2. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ), पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 249, अंतिम तिथि 31 मार्च 2022 3. यूपी पुलिस, पद असिस्टेंट ऑपरेटर, पद संख्या 1374, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022
4. एंप्लोई स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (ईएसआईसी), पद यूडीसी, स्टेनो, एमटीएस व अन्य, पद संख्या 3600, अंतिम तिथि 15 फरवरी 2022,
5. उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन, पद स्टाफ नर्स, पद संख्या 558, अंतिम तिथि 17 फरवरी 2022,
6. यूपी पुलिस, पद हेड ऑपरेटर, पद संख्या 936, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022
7. भारतीय रेलवे, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 2422, अंतिम तिथि 16 फरवरी 2022
8. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ), पद कॉन्स्टेबल/ फायर, पद संख्या 1149,अंतिम तिथि 4 मार्च 2022

## भूतपूर्व सैनिक नायक उदयवीर सिंह यादव माँ तुझे सलाम अवार्ड से सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)** आर के वेलफेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर राकेश शर्मा पहलवान द्वारा 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेना के जांबाज भूतपूर्व सैनिक नायक उदयवीर सिंह यादव को माँ तुझे सलाम अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में भारतीय सेना में भर्ती होकर भारत माता की रक्षा करने वाले उदयवीर सिंह यादव की देशसेवा के लिए उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए आर के वेलफेयर फाउंडेशन संस्था ने उदयवीर सिंह को माँ तुझे सलाम प्रस्सति पत्र देकर राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है।



# 19 साल बाद एक साथ नजर आएंगे ऋतिक और करीना! जानें फिल्म का नाम

एक ओर जहां कुछ बॉलीवुड जोड़ियों को फैन्स को स्क्रीन पर हमेशा की देखना अच्छा लगता है तो वहीं दूसरी ओर दर्शक बॉलीवुड सेलेब्स की अलग- अलग जोड़ियों को भी ऑनस्क्रीन देखना चाहते हैं। वहीं कई जोड़ियां ऐसी भी हैं, जो ऑनस्क्रीन अपना जलवा बिखेर चुकी हैं लेकिन लंबे वक्त से साथ नजर नहीं आई हैं। ऐसी ही एक बेहतरीन जोड़ी बॉलीवुड के ग्रीक गॉड कहलाने वाले अभिनेता ऋतिक रोशन और करीना कपूर खान की है। करीब 19 साल पहले मैं प्रेम की दीवानी हूं से दर्शकों का दिल जीतने वाली ऋतिक- करीना की जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आ सकती है।



**करीब 19 साल बाद एक साथ ऋतिक- करीना**-दरअसल फिल्म मैं प्रेम की दीवानी हूं के बाद ऋतिक- करीना को एक साथ स्क्रीन पर नहीं देखा गया। ऐसे में अब फैन्स के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। KoiMoi की एक रिपोर्ट के मुताबिक ऋतिक और करीना को एक बिग बजट फिल्म का ऑफर मिला है। जानकारी के अनुसार, जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित एक फिल्म के लिए दोनों स्टार्स को एक साथ एप्रोच किया गया है।

**उलज है फिल्म का नाम**-मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋतिक-करीना की अपकमिंग फिल्म का टाइटल उलज है। हालांकि अभी तक दोनों सेलेब्स की ओर से फिल्म में काम करने की कंफर्म रिपोर्ट सामने नहीं आई है। यानी अभी तक सिर्फ मेकर्स की ओर से सेलेब्स को ऑफर मिला है, और ये जोड़ी साथ नजर आएगी या नहीं ये तो दोनों सेलेब्स के फैसले पर निर्भर करता है।

**एक्साइटिड हैं फैन्स**-याद दिला दें कि ऋतिक और करीना, मैं प्रेम की दीवानी हूं के अलावा करण जौहर की कभी खुशी कभी गम और यादें जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। बता दें कि करीब दो दशक बाद दोनों सेलेब्स को एक साथ फ्रेम में देखना सभी फैन्स के लिए काफी एक्साइटिंग होगा। फैन्स को उम्मीद है कि दोनों एक साथ नजर आएंगे।

# कड़कती सर्दी में कुछ पौष्टिक और गरमा गरम खाना हैं, तो इन न्यूट्रिएंट पैक्ड सूप का मजा लें



क्या आपको सर्दियों में बहुत भूख लगती है? अगर आप भोजन के बीच की छोटी भूख के लिए कुछ पौष्टिक ढूंढ रहें हैं, तो इन 3 स्वादिष्ट सूप को जरूर ट्राई करें। सर्दियों में कंबल की गरमाहट हो या धुआं निकलते व्यंजन की खुशबू, सब अच्छा लगता है। लेकिन यह मौसम आपके डाइट और फिटनेस को टॉस कर सकता है। अगर आपका पेट हेवी मील्स के बावजूद भूख से गुड़गुड़ाने लगता है, तो अपनी छोटी भूख का इंतजाम करना जरूरी है। तो क्या सर्दी के मौसम में गर्म सूप के कटोरे से बेहतर कुछ है? शायद नहीं, हालांकि अगर उस सूप में कुछ अतिरिक्त लाभकारी तत्व और मौसमी उत्पाद हैं, तो यह हमेशा एक प्लस प्वाइंट होता है इसलिए लेडीज, ये तीन पौष्टिक और स्वादिष्ट सूप आपकी सेहत के लिए फायदेमंद है। साथ ही इसे बनाते समय आपको सामग्री के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रत्येक सूप का एक अनूठा स्वाद है, इसलिए आप निश्चित रूप से इनसे बोर नहीं हो पाएंगी।

**पहले जानिए सर्दियों में सूप पीने के फायदे**

**1. पेट को भरा रखता है**-जब आपका पेट नहीं भरता और आप खाली महसूस करते हैं, तो अनहेल्दी स्नैकिंग से बचने के लिए सूप का सहारा लें। यह आपकी क्रेविंग को रोकने और पेट भरने में मदद करता है।

**2. फल और सब्जियों का पोषण**-इसमें कोई रहस्य नहीं है कि सूप विभिन्न प्रकार के फल और सब्जियों का मिश्रण है। यह विटामिन, फाइबर, एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण के माध्यम से आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है। उसमें भी अगर आपको कुछ चबाने में आलस आता है, तो सूप एक सुविधाजनक विकल्प हो सकता है।

**3. हाइड्रेटेड रखने का बेहतरीन स्रोत**-सर्दियों के दौरान पानी की खपत कम हो जाती है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेटेड रखना बहुत मुश्किल होता है। लेकिन आपके शरीर को कार्य करने के लिए कुछ निश्चित स्तर के पानी की आवश्यकता होती है। यदि आप फिर भी अपने पानी के सेवन पर ध्यान नहीं दे रहें हैं, तो यह डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है। सूप एक ऐसा स्नैक है जिसमें पानी की मात्रा अधिक होती है और यह आपके शरीर को हाइड्रेटेड रखता है। यह 3 सूप है विंटर का बेस्ट गो टू स्नैक

1. वीगन कैरट सूप

1 कप सूप में

कैलोरी 176ग्राम वसा 3सैचुरेटेड वसा 0कोलेस्ट्रॉल 0सोडियम 710 मिलीग्रामकार्बोहाइड्रेट 35 ग्रामशर्करा 7 ग्रामफाइबर 4 ग्रामप्रोटीन 4 ग्राम

**सामग्री**-प्याज 1 मिडियम साइजसेलेरी 2कैनोला ऑयल 2 बड़े चम्मचवेजीटेबल स्टॉक 4 कपगाजर 3 से 4 कटे हुएआलू 2 बड़ेनमक 1 छोटा चम्मचकाली मिर्च 1/4 छोटा चम्मच

**सूप बनाने के लिए**-एक बड़े सॉस पैन में, प्याज और अजवाइन को तेल में हल्का भूनें। इसमें वेजीटेबल स्टॉक, गाजर और आलू डालें।मिश्रण को उबाल पर लाएं। अब 15-20 मिनट के लिए या सब्जियों के नरम होने तक ढककर पकाएं। गर्मी से निकालें और थोड़ा ठंडा करें।एक ब्लेंडर में इसे पीस लें। अब पैन पर लौटें और नमक एवं काली मिर्च डालें। अंत में ब्लेंडर में मौजूद मिश्रण को डालकर सूप तैयार कर लें।



# हर वैरिएंट के लिए एंटीबॉडी बना रहा है त्वचा पर 21 घंटे तक जिंदा रह सकने वाला ओमिक्रोन


कोरोना संक्रमण के तेजी से बढ़ते मामले अगर आपको डरा रहे हैं, तो डरने की जरूरत नहीं है कोरोना वायरस संक्रमण के मामले लगातार देश में बढ़ते जा रहे हैं। बीते 24 घंटों के दौरान देश में 2,86,000 नए मामले दर्ज किए गए। संक्रमण की रफ्तार लगातार लोगों में डर पैदा कर रही है। हाल ही में इस बात का खुलासा हुआ कि आखिर कोरोना वायरस का यह नया वैरिएंट ओमिक्रोन इतनी तेजी से कैसे फैल रहा है। वहीं आईसीएमआर द्वारा एक और जानकारी साझा की गई कि ओमिक्रोन से संक्रमित मरीज हर वैरिएंट से लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाता है। चलिए इन दोनों जानकारियों के बारे में विस्तार से समझते हैं।

**क्यों इतनी तेजी से फैल रहा है ओमिक्रोन?**

हाल ही में किए गए एक नए शोध के अनुसार दावा किया गया कि कोरोना वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन 21 घंटे तक स्किन पर जिंदा रह सकता है। इसके अलावा प्लास्टिक की सतह पर यह वैरिएंट करीब 8 घंटे तक जीवित रह सकता है। एक तरफ जहां नए वैरिएंट को लेकर यह जानकारी सामने आई थी कि यह काफी तेजी से म्यूटेट होता है। वहीं अब स्किन पर इसके जीवित रहने की अवधि इसके तेजी से फैलने के कारण को दर्शा रही है।

# सोनम बाजवा ने लहंगा और डीपनेक ब्लाउज़ में दिए मिलियन डॉलर के पोज़

पंजाबी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस सोनम बाजवा सोशल मीडिया काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड कर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। एक बार फिर सोनम बाजवा का ट्रेडिशनल अंदाज चर्चा में है, तो आइए आपको दिखाते हैं उनकी ये तस्वीरें। सोनम बाजवा इन लेटेस्ट फोटोज़ में लहंगा और डीपनेक ब्लाउज़ में बेहद हॉट लग रहीं हैं, सोनम की इन तस्वीरों पर अब तक हजारों लाइक्स आ चुके हैं। फोटोज़ में सोनम बाजवा का स्मोकी मेकअप और उनके खुले बाल फैन्स को मदहोश करते नजर आ रहे हैं, जिन्हें देख फैन्स दीवाने हो रहे हैं। इन तस्वीरों में सोनम बाजवा ने हाथों में स्टडेड कड़े और गले में एक हैवी हार कैरी किया है, जो उनके लुक पर चार चांद लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर सोनम बाजवा के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। सोनम बाजवा ने कई पंजाबी फिल्मों के साथ-साथ बाला और स्ट्रीट डांसर 3डी जैसी फिल्मों में भी काम किया है। सोशल मीडिया पर सोनम बाजवा कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार में धमाल मचाती नजर आती हैं।



# इन 5 वजहों से विनर बनेंगी तेजस्वी प्रकाश?, मुंह ताकते रह जाएंगे प्रतीक सहजपाल के फैंस

बिग बॉस 15 के फिनाले से पहले दर्शक काफी उत्साहित हैं। इस सीजन ने भले ही मेकर्स को ज्यादा टीआरपी ना दिलाई हो लेकिन अब हर कोई जान लेना चाहता है कि आखिर बिग बॉस 15 का विनर कौन है? इसी के साथ लोग अंदाजा लगाने में जुटे हुए हैं कि मेकर्स किसे बिग बॉस 15 की ट्रॉफी देने वाले हैं? इस रिपोर्ट में हम उन3 प्वॉइंट्स पर बात करेंगे जिनके आधार पर तेजस्वी प्रकाश इस सीजन की विनर बन सकती हैं।



**तेजस्वी प्रकाश ने खूब दिया कंटेंट**-तेजस्वी प्रकाश ने बिग बॉस 15 में पहले दिन से ही खूब कंटेंट दिया है। बिग बॉस को बेबी कहकर बुलाना हो या फिर करण कुंद्रा के साथ प्यार भरा इजहार...तेजस्वी प्रकाश की हर बात ने फैंस का दिल जीता है। यही वजह है कि शो की शुरुआत से ही लोग उन्हें बिग बॉस 15 का विनर बताने लगे थे।

**टीवी की चर्चित स्टार हैं तेजस्वी प्रकाश**-तेजस्वी प्रकाश की गिनती टीवी के चर्चित स्टार्स में होती है। तेजस्वी को पहरेदार पिया की, रिश्ता हम लिखेंगे नया और सिलसिला बदलते रिश्तों का 2 में देखा जा चुका है। उन्होंने रोहित शेट्टी के रिएलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में भी हिस्सा लिया था।

**इंडस्ट्री से मिल रहा है सपोर्ट**-तेजस्वी प्रकाश को टीवी इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोग सपोर्ट कर रहे हैं। अदा खान से लेकर अनुपमा एक्ट्रेस अनेरी वजानी समेत कई लोग तेजस्वी प्रकाश को सलमान खान के शो के विनर के रूप में देखना चाहते हैं। तेजस्वी ने इस शो में कई गलतियां भी की हैं लेकिन बावजूद इसके अपनी मासूमियत और साफ दिल होने की वजह से तेजस्वी ने करोड़ों दिलों को जीत लिया है। इस बात में कोई भी दो राय नहीं है कि तेजस्वी प्रकाश ने बिग बॉस 15 को पूरे दिल से खेला है।




# आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन में इन 4 विकेटकीपरों पर होगी पैसों की बरसात

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 15वें सीजन की शुरुआत मार्च के आखिरी सप्ताह या फिर अप्रैल के पहले सप्ताह में हो सकती है। हालांकि, इससे पहले 12 और 13 फरवरी को आईपीएल 2022 के लिए बेंगलुरू में मेगा ऑक्शन होना है। इस मेगा ऑक्शन से पहले 33 खिलाड़ी 10 टीमों के पास रिटेन और ड्रॉफ्ट के तौर पर जुड़ गए हैं, लेकिन मेगा ऑक्शन में बाकी खिलाड़ी खरीदे जाएंगे। इसी मेगा ऑक्शन से पहले जान लीजिए कि वे कौन से ऐसे 4 विकेटकीपर हैं, जिन पर आईपीएल की फ्रेंचाइजियां पैसा पानी की तरह बहाती नजर आएंगी। मौजूदा समय की बात करें तो चेन्नई सुपर किंग्स के पास एमएस धोनी, दिल्ली कैपिटल्स के पास रिषभ पंत और राजस्थान रायल्स के पास संजू सैमसन विकेटकीपर के तौर पर हैं। इनके अलावा भी आईपीएल में सात और टीमें खेलने वाली हैं, जिनको कम से कम एक अच्छे विकेटकीपर की तलाश होगी। यही कारण है कि कुछ विकेटकीपरों की चांदी मेगा ऑक्शन में होने वाली है।

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम क्विंटन डिकॉक का है। साउथ अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक एक दमदार विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, जो ओपनर के तौर पर सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल रहे हैं। वे पिछले कई सीजन मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं और ऐसे में मुंबई इंडियंस के अलावा कई और टीमों के निशाने पर भी ये साउथ अफ्रीकाई बल्लेबाज होगा। उन्होंने 77 IPL मैचों में 130 से ज्यादा के स्ट्राइकरेट से 2256 रन बनाए हैं।

## विराट कोहली के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर में खेल सकते हैं बेबी एबी डिविलियर्स, मेगा ऑक्शन में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस इस समय अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 में छाए हुए हैं। उनकी बल्लेबाजी स्टाइल बिलकुल एबी डिविलियर्स जैसी है। वो छक्के भी डिविलियर्स की तरह ही उड़ाते हैं। उनके हर शॉट में मिस्टर 360 डिग्री की झलक दिख रही और इसलिए अब उन्हें बेबी एबी डिविलियर्स के नाम से बुला रहे हैं। 18 साल के ब्रेविस की बल्लेबाजी डिविलियर्स की तरह ही लग रही है। अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी शानदार बल्लेबाजी से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने वाले ब्रेविस अब आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन में उतरने वाले हैं।




टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# बेहतर बजट खोजता दवा उद्योग

अपनी सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं से भारतीय दवा उद्योग वैश्विक स्वास्थ्य सुधार में अहम भूमिका निभा रहा है। हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े दवा आपूर्तिकर्ता देश हैं और विश्व को इलाज संबंधी 60 श्रेणियों में 60,000 जेनेरिक ब्रांड की आपूर्ति करते हैं। अब भारत को दवा बाजार में अपना मूल्य बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए हमें विशेष तौर पर नोवल बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर, एमआरएनए और नई पीढ़ी के अन्य टीकों, ऑरफेन ड्रग्स, एंटी माइक्रोबियल, प्रीसिशन मेडिसिन, कोशिका और जीन थेरेपी के क्षेत्र में उभर रहे मौकों को हथियाना होगा, क्योंकि वैश्विक दवा बाजार में इनकी हिस्सेदारी दो-तिहाई है। देखा जाए, तो हिस्सेदारी के लिहाज से दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शुमार होने और मात्रा के लिहाज से शीर्ष पर पहुंचने के लिए हमारे दवा उद्योग को साल 2030 तक 120-130 अरब डॉलर का बनना होगा और 2047 तक 500 अरब डॉलर का। फिलहाल यह 44 अरब डॉलर का है।इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण है- अनुसंधान एवं विकास (आरऐंडडी) में निवेश करना। नए अत्याधुनिक इलाज को विकसित करना काफी जटिल व लंबी प्रक्रिया है। फिर, वैज्ञानिक, तकनीकी और नियामकों के बंधन भी काफी अधिक हैं, जिससे दवा का विकास चुनौतीपूर्ण, अधिक समय लेने वाला व खर्चीला काम बन जाता है। साल 2019 में वैश्विक दवा उद्योग ने अनुसंधान एवं विकास पर 186 अरब डॉलर की राशि खर्च की थी। साल 2026 तक इसके 233 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। लिहाजा, भारत को वैश्विक दवा का इनोवेशन हब बनाने के लिए अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण और डिजिटली बदलाव के काम में पर्याप्त निवेश करना होगा। यह फार्मास्यूटिकल्स व बायोफार्मा में आत्मनिर्भरता के लिए भी जरूरी है। सरकार इस दिशा में अच्छा-खासा मदद कर सकती है।दूसरा काम यह होना चाहिए कि सरकार उदार बने। वैश्विक स्तर पर यही देखा गया है कि देशों, क्षेत्रों व कंपनियों की नई प्रौद्योगिकियों को पहचानने व अपनाने की क्षमता शोध एवं विकास में निवेश से प्रभावित होती है। अध्ययन बताते हैं कि शोध एवं अनुसंधान में निवेश यदि एक फीसदी बढ़ाया जाता है, तो औसतन उत्पादन में 0.05 से 0.15 फीसदी तक की वृद्धि होती है। अनुसंधान और विकास पर भारत काफी कम खर्च करता है।



राम गोपाल सैनी

# सड़कों के नवीनीकरण के लिए विधायक रामलाल शर्मा ने लिखा मुख्यमंत्री और मंत्री को पत्र

**जयपुर (हमारा वतन)** विधायक रामलाल शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में कालाडेरा से हस्तेडा एवं पुराना हाईवे गोविंदगढ़ की सड़को के नवीनीकरण के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजनलाल जाटव को पत्र लिखकर सड़कों के निर्माण की स्वीकृति की मांग की है।विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि कालाडेरा से हस्तेडा सड़क में गहरे गड्ढे होने की वजह से दुपहिया वाहन मुश्किल से निकल पाते हैं, यह सड़क चौमूँ और फुलेरा विधानसभा के गांवों को जोड़ती है। गोविंदगढ़ का पुराना हाईवे पंचायत समिति, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, स्टेडियम आदि से होकर गुजरने के कारण इस पर भी काफी आवागमन रहता है। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों के नवीनीकरण के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की है।



# स्वास्थ्य मुख्यालय में धूम्रपान करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही

**जयपुर(नि.सं.)।** मिशन निदेशक एनएचएम एवं संयुक्त शासन सचिव जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर चिकित्सा स्वास्थ्य मुख्यालय में शुक्रवार को धूम्रपान का सेवन करने वालों के विरूद्ध चालान व समझाइश कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में धूम्रपान करते पाये 10 व्यक्तियों का चालान किया गया। स्वास्थ्य भवन सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों को पूर्ण धूम्रपान निषेध क्षेत्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं।

## गर्मियों में पेयजल प्रबंधन के लिए पीएचईडी की अग्रिम तैयारी

# अभावग्रस्त घोषित जिलों में समयबद्ध पेयजल प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा-महेश जोशी

### दस जिलों के अधिकारियों को व्यवस्थाओं के बारे में दिशा निर्देश जारी

**जयपुर(नि.सं.)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) ने आगामी गर्मियों में प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रबंधन के लिए अग्रिम तैयारियां प्रारम्भ कर दी है। प्रदेश के सूखाग्रस्त घोषित क्षेत्रों में विभाग द्वारा एसडीआरएफ-स्टेट डिजास्टर रिलीफ फंड के नॉर्म्स के अनुसार पेयजल परिवहन की व्यवस्था की जाएगी। जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने बताया कि प्रदेश में आपदा प्रबधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की अधिसूचना द्वारा चिह्नित जिलों चूरू, बाड़मेर, बीकानेर, जालौर, जैसलमेर, पाली, सिरोही, जोधपुर, नागौर एवं डूंगरपुर की खराबा और मध्यम रूप से सूखाग्रस्त 64 तहसीलों में निर्धारित नॉर्म्स के अनुसार टैंकर्स द्वारा जल परिवहन कर समयबद्ध पेयजल प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए इन जिलों में जिला कलक्टर्स एवं पीएचईडी के अधीक्षण अभियंताओं को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। डॉ. जोशी ने बताया कि इन दस जिलों में पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे समस्याग्रस्त गांव एवं हैबिटेशंस की पहचान करे। उनमें लोगों की न्यूनतम आवश्यकताओं का आंकलन कर गर्मियों के दिनों में टैंकर्स से जल परिवहन के प्रस्ताव तैयार कर जिला आपदा प्रबंधन कमेटी की बैठक में उनका अनुमोदन कराएं। इसके पश्चात पीएचईडी की ओर से समय-समय पर जारी गाइडलाइन एवं निर्धारित नॉर्म्स के अनुसार इन क्षेत्रों में जल परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इन जिलों में जल परिवहन की व्यवस्था जिला प्रशासन की अनुशंसा एवं सहमति से की जाएगी।



इसके लिए जिला स्तर पर कलक्टर की अध्यक्षता (या उनके प्रतिनिधि के रूप में कम से कम अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) के स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में) कमेटी का गठन किया जाएगा। इसमें पीएचईडी एवं जिला कोष कार्यालय के अधिकारी शामिल होंगे। इस कमेटी को जल परिवहन के लिए दरों के निर्धारण के सम्बंध में सभी अधिकार प्राप्त होंगे। उपखण्ड स्तर पर जल परिवहन दरों के निर्धारण के बारे में सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की अध्यक्षता में कमेटी द्वारा निर्णय लिया जाएगा। इसमें पीएचईडी के अधिकारियों के अलावा विकास अधिकारी एवं तहसीलदार शामिल है। पीएचईडी के अधिकारियों को टैंकर्स से जल परिवहन की व्यवस्था के लिए तीन कूपन सिस्टम की पालना के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही एवं उपभोक्ताओं को टैंकर सप्लाई के लिए ट्रिप की जीपीएस एवं ओटीपी सिस्टम के माध्यम से मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

सभी अधिकारियों को जल परिवहन व्यवस्था के बारे में राज्य मुख्यालय को प्रति सप्ताह रिपोर्ट भेजनी होगी।

आलेख

# याद करें भले ही ईर्ष्या से...

एक दिन एक मित्र कहने लगे - सर फलां व्यक्ति आप से बहुत ईर्ष्या करता है ! मैंने उनकी बात सुनी और फिर सोचने लगा..कि हम ईर्ष्या करते किससे है ! मुझे लगता है,हम उसी से ईर्ष्या करते है,जिससे किसी भी तरह का अपनापन हो । जो कही दूर से ही सही पर अपना सा हो । हमारी बराबरी का हो भले ही किसी भी तरह,हम गैरो से ईर्ष्या कर ही नही सकते । हमसे जो ईर्ष्या कर रहा,यह बात पूरी पक्की तरह मान लो की वह तुम्हें अपना मान रहा है । ईर्ष्या दूर के व्यक्ति से न होगी । अपने से बहुत बड़े से भी ईर्ष्या न होगी । बहुत छोटे से भी ईर्ष्या न होगी। कही तो बराबरी ज़रूरी है । ईर्ष्या के लिए चाहे वह धन की हो या जाति गोत्र परिवार की,कुछ तो मेल खाना चाहिए ।

संसार के लगभग हर देश उसी से ईर्ष्या या दुश्मनी ज़्यादा करते है । जो कभी एक दूसरे के करीब रहे हो या कोई समानता रही हो । बिल्कुल असमानता में ईर्ष्या जन्म ले ही नही सकती । हर व्यक्ति ईर्ष्यालु होता है,कोई थोड़ा कम या कोई थोड़ा ज़्यादा, यह इंसानी स्वभाव है. ।ऋषि मुनि से लेकर राजा महाराजा,नेता से लेकर अभिनेता ,विशिष्ट से लेकर सामान्य सब ईर्ष्या का एक फायदा यह भी है,कि यह प्रगति का भी माध्यम है ,जो किसी से ईर्ष्या नही करेगा । वह आध्यात्मिक जीवन मे कितना भी अमीर हो जाए,पर भौतिक जीवन मे गरीब ही होगा । भौतिक जीवन म ईर्ष्या ईंधन का काम करती है ।आप जो न भी करना चाहे, किसी और को दिखाने की खातिर बहुत कुछ कर भी जाते है । ईर्ष्या को भी मुझे लगता है ,सम्मान की दृष्टि से ही देखना चाहिए । यह आलसियों को भी काम का बना देती है । अक्सर ईर्ष्यालु व्यक्ति कामयाब ही होते है । विशेषकर भौतिक संसाधनों के मामले मे ! इसमें भी जो ईर्ष्या को सकारात्मक भाव से लेता है । इसके कारण उससे आगे जाने की कोशिश करता है,जिससे वह ईर्ष्या करता है, तब वह आगे जाता है । जो नकारात्मक भाव से इसे लेता है,वह किसी को कमज़ोर करने में अपनी ऊर्जा व्यय करता है ,वह पीछे ही जाता है । ईर्ष्या वह दारू है,जो सही समय ,सही व्यक्ति, सही मात्रा में दी जाय तब दवा,अगर सब असन्तुलित तो सिर्फ दारू...दारू मतलब नाले में गिरना निश्चित....इसीलिए तो कहता हूं, ईर्ष्यालु व्यक्ति ठीक है,कम से कम हमारा चिंतन तो करता है । उन लोगो से ठीक जो हमारी फिक्र भी नही करते । एक बात और बताऊँ किसी से न कहना ...मैं भी ईर्ष्यालु हूँ... चूंकि मैं भी तो बहुतों को अपना मानता भी हूँ... और वे मेरे अपने है भी...



लेखक: डॉ. रमाकान्त क्षितिज

**संकलन विनोद कुमार सीताराम दुबे**
**शिक्षक भांडुप मुंबई महाराष्ट्र**

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा